◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

RAJASTHAN | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 23 नवम्बर 2026

खेल

गोल्ड मैडल जीतकर हनुमानगढ़ पहुंचीं आरती राव, रेलवे स्टेशन से घर तक हुआ भव्य स्वागत



गोल्ड मैडल जीतकर हनुमानगढ़ पहुंचीं आरती राव, रेलवे स्टेशन से घर तक हुआ भव्य स्वागत

हनुमानगढ़। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री दौड़ में गोल्ड मैडल जीतकर हनुमानगढ़ का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी आरती राव के हनुमानगढ़ पहुंचने पर नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। मैंगलोर में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करने वाली आरती राव का रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे।

रेलवे स्टेशन से लेकर उनके घर तक जगह-जगह स्वागत कर आरती राव की उपलब्धि पर खुशी जताई गई। नागरिकों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया।

आरती राव हनुमानगढ़ के रोडावाली गांव की निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। आरती राव ने अपनी सफलता का श्रेय कोच और परिजनों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

आरती राव की इस उपलब्धि ने जिले के युवाओं और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

— Yash karyani

नदी गांव की नव निर्वाचित सरपंच मुन्नी देवी को आम बस्ती चौखंडा में सम्मानित किया गया

नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती मुन्नी देवी को ग्राम पंचायत नदी गांव की आम बस्ती चौखंडा में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके चुनावी जीत के बाद स्थानीय जनता द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में ग्राम के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, युवा और महिला समूह उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने सरपंच को फ


— Hariom Kumar Meena

नारौली डांग के शिवालय पर अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन, सुबह 10:30 बजे होगा प्रसाद वितरण

नारौली डांग। गांव नारौली डांग में पुरानी पुलिस चौकी के पास स्थित शिवालय पर अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर में भक्तों ने श्रद्धाभाव से अन्नकूट महाप्रसादी तैयार की। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि प्रातः 10:30 बजे भगवान शिव को अन्नकू

— Vipin Singhal

आरआईसी मे ं जयपुर डांस कॉन्क्लेव का हुआ समापन: तेरहताली और भारतीय आभूषणो ं पर हुआ संवाद, ओडिशा के छऊ और मणिपुर के ढोल चोलम ने बांधा समां




भारतीय शास्त्रीय नृत्य, लोक परंपराओं और समकालीन कला के विविध रंगों से सजा तीन दिवसीय जयपुर डांस कॉन्क्लेव रविवार को संपन्न हुआ। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) मे ं आयोजित कॉन्क्लेव के अंतिम दिन देश के अलग-अलग हिस्सों की नृत्य शैलियों का अनूठा संगम देखन े को मिला। उदयपुर जिले के सोलारिया गांव की भील महिलाओं ने पारंपरिक वालर नृत्य के जरिए सामुदायिक एकता और लोक संस्कृति की झलक पेश की, वही ं ओडिशा की मयूरभंज छऊ और मणिपुर के ढोल चोलम ने अपनी

ऊर्जा और लय से दर्शकों को आकर्षित किया। शाम को प्रख्यात भरतनाट्यम नृत्यांगना रमा वैद्यनाथन और गणेशा नाट्यालय के कलाकारों की प्रस्तुति 'बहुक्रिया-शी इज मोर दैन वन' के साथ कॉन्क्लेव का समापन हुआ। इसम े ं देवी के विविध स्वरूपो ं और स्त्री शक्ति के अनेक आयामों को

भरतनाट्यम के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया।

— Vipin Singhal

जयपुर मे ं खुला देश का पहला इमर्सिव डेस्टिनेशन: 25 से ज्यादा अट्रेक्शन प्वाइंट, घूमती सुरंग और चमकता हुआ झरना देख सकेंग े



अब तक मॉल में शॉपिंग, फिल्म और गेमिंग तक सीमित रहने वाला मनोरंजन का अनुभव अब एक नए अंदाज मे ं सामन े आन े वाला है। जयपुर के पैसिफिक मॉल मे ं भारत के पहले इमर्सिव एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस के रूप मे ं 'जिंगवर्स' की शुरुआत हुई है। करीब 25 हजार वर्गफीट क्षेत्र मे ं फैले इस डेस्टिनेशन में 25 से ज्यादा आकर्षण तैयार किए गए हैं। यहां लोग सिर्फ मनोरंजन को देखेंग े नहीं, बल्कि खुद उसका हिस्सा

बनकर अलग-अलग दुनियाओ ं का अनुभव कर सकेंगे।

कंपनी के सीईओ गौरांग अग्रवाल ने कहा कि जिंगवर्स में उनका उद्देश्य तकनीक, रचनात्मकता और इमर्सिव अनुभवों के माध्यम से मनोरंजन की परिभाषा को नया रूप देना है।

जयपुर मे ं इसकी शुरुआत को लेकर कंपनी उत्साहित है। उम्मीद है कि शहर के परिवार और दोस्त यहा ं आकर मनोरंजन के नए आयामो ं का अनुभव करेंगे।

— Vipin Singhal

जयपुर मे ं युवती की कार का शीशा तोड़कर चोरी की: आईपैड, किताबें, मेकअप किट और जूते चुराए, मैरिज गार्डन के बाहर खड़ी थी कार



जयपुर में चोरों ने शादी समारोह में शामिल होने गई युवती की कार का शीशा तोड़कर चोरी कर ली। कार में रखा आईपैड, लॉ की किताबें, नकदी, मेकअप किट, पावर बैंक और

एडिडास कंपनी के जूते चोरी कर ले गए। पीड़िता ने जवाहर सर्किल थान े मे ं मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता विधुती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 20 नवंबर को वह अपनी सहेली के भाई की शादी में शामिल होने पैराडाइज मैरिज गार्डन मे ं गई थी। उसन े अपने पिता की कार शाम करीब 7:30 बज े मैरिज गार्डन के सामन े जेएलएन मार्ग पर खडी की थी।

जूते तक ले गए चोर

रात करीब 9:30 बज े जब वह वापस लौटी तो कार का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला। चेक करने पर कार में रखा सामान गायब मिला। चोरों ने कार में रखे 5300 रुपए नकद भी चुरा लिए। यहां तक कि युवत के एडिडास कंपनी के जूते भी चोरी कर ले गए।

— Vipin Singhal

E महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंड े धार्मिक यात्रा पर आई जयपुर: गौतम अडाणी भी देर रात पहुंचे, सिंगर शंकर महादेवन बोले- नवम्बर मे ं जयपुर का मौसम खूबसूरत हो जाता ह ै



जयपुर मे ं इन दिनों शादियों और बड ़ े आयोजनों का सीजन चल रहा है। जयपुर एयरपोर्ट पर वीआईपी, उद्योगपतियो ं और बॉलीवुड सितारों की आवाजाही भी बढ ़ गई है।

रविवार को महाराष्ट्र सरकार की मंत्री पंकजा मुंड े धार्मिक यात्रा के लिए जयपुर पहुंचीं। वे यहा ं से खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए रवाना हुईं।

वहीं, शनिवार देर रात अद्योगपति गौतम अडाणी भी जयपुर पहुंचे। वे रामबाग पैलेस मे ं आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। रविवार को वे चार्टर विमान से मुंबई के लिए रवाना होंगे।

शनिवार को ही जयपुर एयरपोर्ट पर बॉलीवुड और संगीत जगत की कई जानी-मानी हस्तिया ं नजर आईं। इनम ें मशहूर गायक सोनू निगम, अभिनेत्री दीया मिर्जा, सिंगर शंकर महादेवन और अभिनेता यूट्यूबर भुवन बाम शामिल थे। ये सभी अलग-अलग आयोजनो ं में हिस्सा लेने के लिए जयपुर आए हुए थे।

— Vipin Singhal

261 किलो डोडा तस्करी का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार: पुलिस भेष बदलकर पहुंची, 1 किलोमीटर पीछा कर दबोचा



राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने दो साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामी डोडा पोस्त तस्कर को झारखंड से पकड़ा है।

आरोपी सुरेन्द्र साहू को झारखंड झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज इलाके से पकड़ा है। आरोपी बालोतरा जिले के सिणधरी थाना क्षेत्र में दर्ज 261 किलोग्राम डोडा पोस्त तस्करी के मामले में फरार था। राजस्थान समेत कई राज्यों में मादक पदार्थ तस्करी का नेटवर्क संचालित कर रहा था।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईडी क्राइम ब्रांच की विशेष टीम आरोपी की तलाश मे ं जुटी थी।

— Vipin Singhal

8 थाना क्षेत्रों से 10 मोटरसाइकिलें चोरी, घरों से लेकर बैंक और पार्किंग तक को बनाया निशाना



राजधानी जयपुर में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने एक के बाद एक 10 मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।

चोरों ने घरों के बाहर खड़ी बाइक से लेकर बैंक, पार्किंग

और सार्वजनिक स्थानों पर खड़े वाहनों को निशाना बनाया। सांगानेर, खो-नागोरियान, करणी विहार, वैशाली नगर, हरमाड़ा, मानक चौक, मानसरोवर और झालाना इलाके में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही इन वारदातों ने शहर में वाहन सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

1. घरों के बाहर और पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी

सांगानेर थाना क्षेत्र में चोर दो मोटरसाइकिलें चोरी कर ले गए। वहीं, खो-नागोरियान इलाके में JNU के पास खड़ी बाइक को निशाना बनाया गया। करणी विहार थाना क्षेत्र में भी चोर पार्किंग और घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलें लेकर फरार हो गए।

— Vipin Singhal

शेखावत बोले-पंचायत चुनावी नतीजे पार्टी के लिए आत्ममंथन का अवसर: केंद्रीय योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में कहा, चूके, भाजपा करेगी आकलन



राजस्थान में पंचायत चुनाव के नतीजों को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा के लिए आत्मावलोकन का अवसर बताया है। शेखावत ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद पंचायत चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलना भारतीय जनता पार्टी के लिए आत्मावलोकन का अवसर है।

उन्होंने कहा कि पार्टी इस बात का आकलन करेगी कि केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ जनता तक पहुंचाने में कहां कमी रही और और सरकार के कामकाज का संदेश आम लोगों तक प्रभावी ढंग से क्यों नहीं पहुंच पाया। चुनाव परिणामों के आधार पर इन कमियों की समीक्षा की जाएगी। यह समीक्षा केवल प्रदेश स्तर पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर, जिला स्तर और निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर भी की जाएगी। इसके बाद जयपुर में भी इस पर विस्तृत मंथन होगा।

रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय और एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए शेखावत ने कहा कि

— Vipin Singhal

करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार: अवैध पिस्टल बरामद, बिना नंबर की बोलेरो कैंपर से तोड़ा था टोल बैरियर



जयपुर में रिंग रोड स्थित सीतारामपुरा टोल प्लाजा पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामले में सांगानेर सदर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल भी बरामद की हैं। वारदात में इस्तेमाल बोलेरो कैंपर गाड़ी को पुलिस पहले ही जब्त कर चुकी है।

डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि 19 नवंबर की रात सीतारामपुरा टोल प्लाजा पर बिना नंबर की बोलेरो कैंपर लेकर पहुंचे बदमाशों ने टोल बैरियर तोड़ दिया था। इसके बाद टोल कर्मचारियों को डराने और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दहशत फैला दी थी।

दो आदतन अपराधियों को किया गिरफ्तार

घटना के बाद सांगानेर सदर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए

— Vipin Singhal

जयपुर में पाइपलाइन ठीक करने गए कर्मचारियों को बंधक बनाया: चोर बताकर गाली-गलौज और मारपीट की, गेती से मारने की धमकी द



जयपुर के पानी की पाइपलाइन ठीक करने गए कर्मचारियों को कॉलोनी के लोगों ने बंधक बना लिया। कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। गैती से मारने की धमकी दी मोबाइल भी छीनने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सामने आया है।

मामला मुरलीपुरा के 4-C जमनापुरी में राजस्थान टेंट हाउस के पास का शनिवार दोपहर 3:55 बजे का है। पीडित ठेका कंपनी के सुपरवाइजर हंसराज रविवार को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। ठेका जलकर्मियों ने आरोपियों

के खिलाफ कार्रवाई न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

— Vipin Singhal

राहुल गांधी 9 दिसंबर को आएंगे जयपुर: कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिवों का 10 दिन का ट्रेनिंग कैंप; मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे उद्घाटन

राहुल गांधी 9 दिसंबर को जयपुर आएंगे। 30 नवंबर को जयपुर में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय सचिवों के 10 दिन के ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत होगी।

ट्रेनिंग कैंप का उद्घाटन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे, जबकि समापन सत्र में राहुल गांधी शामिल होंगे। जयपुर ट्रेनिंग कैंप में खड़गे और राहुल गांधी के आने का कार्यक्रम फाइनल किया जा चुका है।

को 10 दिन तक ट्रेनिंग देंगे। कांग्रेस ने 19 नवंबर को ही 81 नए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए हैं। इसमें नए राष्ट्रीय सचिवों को राज्यों में सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

ट्रेनिंग कैंप की तैयारियां देखने 25 को जयपुर आएंगे केसी वेणुगोपाल

बाड़ा पदमपुरा में ट्रेनिंग कैंप के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। ट्रेनिंग कैंप की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल 25 नवंबर को

— Vipin Singhal

बहन का भात भरने पहुंचे युवक का बैग चोरी: 3.25 लाख रुपए से भरा बैग चोर ले गए, जयपुर के मंगल बेला गार्डन की घटना



जयपुर के हरमाड़ा थाना इलाके में बहन के भात की रस्म निभाने पहुंचे युवक का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में 3 लाख 25 हजार रुपए रखे हुए थे। घटना सीकर रोड स्थित मंगल बेला गार्डन की है।

पुलिस के अनुसार, चावंड का मंड निवासी पप्पू शर्मा 21 नवंबर को अपनी बहन की शादी में भात की रस्म निभाने मंगल बेला गार्डन पहुंचा था। दोपहर करीब 2:30 बजे रस्म के दौरान उसका रुपयों से भरा बैग गायब हो गया। रस्म पूरी होने के बाद जब उसने बैग संभाला तो मिला नहीं।

बैग में 3 लाख 25 हजार रुपये थे

बैग में 3 लाख 25 हजार रुपए रखे हुए थे। काफी तलाश करने के बाद भी बैग का पता नहीं चला। इसके बाद पीडित पप्पू शर्मा ने हरमाड़ा थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के

— Vipin Singhal

गोविंदगढ़ पंचायत समिति के वार्ड-13 में पुनर्मतदान, दोपहर 1 बजे तक 54% मतदान



गोविंदगढ़ पंचायत समिति के वार्ड-13 में पुनर्मतदान, दोपहर 1 बजे तक 54% मतदान

बूथ संख्या 55 पर मतदाताओं में दिखा उत्साह, शाम 5 बजे तक

रामगढ़ विधानसभा के गोविंदगढ़ पंचायत समिति के वार्ड संख्या 13 के बूथ संख्या 55 पर आज पुनर्मतदान करवाया जा रहा है। दोपहर 1 बजे तक यहां 54 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

दरअसल, चुनाव मतगणना के दौरान बूथ संख्या 55 की ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण निर्वाचन आयोग ने इस बूथ पर दोबारा मतदान करवाने का निर्णय लिया था। इसी के तहत आज पुनर्मतदान की प्रक्रिया जारी है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद रात 9 बजे मतगणना की जाएगी और वार्ड के विजेता प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।

गोविंदगढ़ पंचायत समिति का अब तक का चुनावी परिणाम:

- कांग्रेस – 9 सीटें

- भाजपा – 3 सीटें

- निर्दलीय – 2 सीटें

अब सभी की निगाहें वार्ड संख्या 13 के बूथ संख्या 55 के पुनर्मतदान और रात 9 बजे आने वाले परिणाम पर टिकी हैं।

— Rohitash Kumar, अलवर

बहू , नवदंपती को एक झलक पाने उमड़े लोग



हेलीकॉप्टर से मालाखेड़ा पहुंची नई बहू , नवदंपती की एक झलक पाने उमड़े लोग

अलवर के मालाखेड़ा कस्बे में एक अनूठा पारिवारिक आयोजन चर्चा का विषय बन गया, जहां पूर्व अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी के पुत्र निश्चय चौधरी अपनी नवविवाहित पत्नी रुचि को हेलीकॉप्टर से लेकर मालाखेड़ा पहुंचे। निश्चय चौधरी का विवाह 21 नवंबर को डीग जिले के जनूथर में रुचि के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के बाद 22 नवंबर को नवदंपती हेलीकॉप्टर से मालाखेड़ा पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए अस्थायी हेलीपैड बनाया गया था। हेलीकॉप्टर के उतरते ही नववधू के आगमन को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौके पर जुट गए। इस दौरान चिकित्सा विभाग, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्थाओं के लिए मौजूद रहे। शिक्षाविद् मूलचंद चौधरी, कपूरचंद जाट, सुबह सिंह चौधरी, जगत सिंह चौधरी सहित परिवार के सदस्य और क्षेत्र के प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। हेलीकॉप्टर से बहू के आगमन ने पूरे मालाखेड़ा में उत्सुकता और उत्साह का माहौल बना दिया। भारतीय विवाह परंपरा में बहू का गृह आगमन परिवार के लिए विशेष खुशी का अवसर होता है और इस आयोजन में क्षेत्र के लोगों की भागीदारी ने पारिवारिक खुशियों को सामाजिक उत्सव का रूप दे दिया।

— Rohitash Kumar, अलवर

दौसा में दिनदहाड़े दो भाइयों का अपहरण, पुलिस ने 4 घंटे में छुड़ाया; तीन आरोपी गिरफ्तार



दौसा में दिनदहाड़े दो भाइयों का अपहरण, पुलिस ने 4 घंटे में छुड़ाया; तीन आरोपी गिरफ्तार

पूनम टॉकीज के सामने मोबाइल खरीदने आए थे दोनों भाई, पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद; वारदात में इस्तेमाल कार फ्रॉक्स जब्त

दौसा। शहर में दिनदहाड़े दो भाइयों के अपहरण की वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि दौसा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज चार घंटे में दोनों अपहृत भाइयों को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त सफेद रंग फ्रॉक्स कार भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, परिवादी रवि कुमार मीणा निवासी धनावड़, थाना कोलवा ने 21 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने छोटे भाई रामनेश मीणा के साथ दौसा में पूनम टॉकीज के सामने मोबाइल खरीदने आया था। इसी दौरान पैसों के लेन-देन को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और जबरन गाड़ी में डालकर उनका अपहरण कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देश पर पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल मीणा और वृत्ताधिकारी दौसा कपिल गुप्ता के सुपरविजन में कोतवाली, सदर, रामगढ़ पचवारा, पापड़दा और राहुवास थाना पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से तलाश शुरू की।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद संभावित ठिकानों पर दबिश देकर पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर अपहृत रवि कुमार मीणा (32) और रामनेश मीणा (29) को दस्तयाब कर लिया।

पुलिस ने अपहरण की वारदात में शामिल कमलेश मीणा (24) निवासी टाणी कोड़या, थाना मानपुरिया, जिला दौसा, संजय मीणा (25) निवासी गोपालपुरा, थाना राहुवास और दिनेश उर्फ छोटा (20) निवासी गोपालपुरा, थाना राहुवास को गिरफ्तार किया है।

वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की सफेद रंग की कार को भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पैसों के लेन-देन के विवाद को लेकर अपहरण की वारदात को अंजाम दिया था। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा मारपीट और तलवारबाजी किए जाने की बात भी सामने आई है।


कई थानों की पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

अपहरण की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ सदर, राहुवास और पापड़दा थाना पुलिस की टीमों ने संयुक्त सर्च अभियान चलाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते बड़ी वारदात का खुलासा महज चार घंटे में हो गया। दौसा पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी पुलिसिंग के रूप में देखा जा रहा है

— Naresh Kumar Bairwa

राजनीति

राजस्थान में पंचायतों का कार्यकाल 5 साल ही रहेगा, तीन साल करने की अफवाहों पर रोक


राजस्थान सरकार
राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
दिनांक: 21.11.2026
विषय: पंचायती राज संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल की अवधि (05 वर्ष) यथावत रखने बाबत।

राज्य निर्वाचन आयोग ने 21 नवंबर को जारी आदेश में यह स्पष्ट किया कि राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल पाँच वर्ष ही रहेगा और इसे तीन वर्ष तक घटाया नहीं जा सकता।

आदेश में संविधान के अनुच्छेद 243E का हवाला देते हुए कहा गया कि पंचायतों का कार्यकाल पहली बैठक की निर्धारित तिथि से पाँच वर्ष का होता है।

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में कार्यकाल घटाने संबंधी कोई संशोधन नहीं किया गया है, इसलिए वर्तमान नियम अपरिवर्तित रहेगा।

इस निर्णय के अनुसार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पाँच वर्ष रहेगा, जिससे स्थानीय शासन की स्थिरता बनी रहेगी।

— Sanvar Lal, जयपुर

स्थानीय

कोटा रेल मंडल में पल्स पोलियो अभियान: 2454 बच्चों को पहली दिन खुराक दी गई



22 नवंबर को कोटा रेल मंडल में प्रातः 7 बजे से पल्स पोलियो अभियान प्रारम्भ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष तक के सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पहुँचाना है।

मंडल के 32 बूथों, रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों और चलती ट्रेनों में 2454 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान 24 नवंबर की रात 11 बजे तक निरंतर जारी रहेगा और रेलवे स्टेशनों पर चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी पोलियो की खुराक।


सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, ने बताया कि हल्दीघाटी एक्सप्रेस, कोटा–बीना–कोटा एक्सप्रेस तथा कोटा–आगरा पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा कर रहे बच्चों को भी खुराक पिलाई गई। कोटा, न्यू कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, भरतपुर, केलादेवी, पिंगोरा, सेवर और धोरमी रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने भी खुराक दी।

अनिल कालरा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन रॉय और अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. पंडा के नेतृत्व में किया गया। रेलवे कर्मचारियों, सिविल डिफेंस तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों के संयुक्त सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। यात्रियों एवं रेलकर्मियों से अपील की जाती है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएँ, ताकि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और मजबूत किया जा सके।

— Buddhi Prakash Mali, कोटा

राजनीति

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल को 5 वर्ष पर कायम रखा


राजस्थान सरकार
राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
द्वितीय तल, विकास भवन, सचिवालय, जयपुर – 302005
क्रमांक: प.1(15)रा.नि.आ./पंचा./आदेश/2026/412. दिनांक: 21.11.2026
: कार्यालय आदेश :
विषय: पंचायती राज संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल की अवधि (5 वर्ष) यथावत रखने बाबत।
उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त, राजस्थान श्री सत्येश्वर सिंह के निर्देशानुसार समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलेक्टर), पंचायती राज संस्थाओं एवं संबंधितजन को सूचित किया जाता है कि पंचायती के कार्यकाल में अवधि संबंधी प्रावधान हो रही बातों के संबंध में निम्नानुसार स्पष्ट आदेश जारी किए जाते हैं–
1. कार्यकाल 05 वर्ष यथावत: राज की समस्त पंचायती राज संस्थाओं और उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूर्व की भाँति 05 (पाँच) वर्ष ही रहेगा।
2. अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं: राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत सरपंच, वार्ड पंच, प्रधान, जिला प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचित कार्यकाल में कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं किया गया है।
3. संवैधानिक समथा (अनुच्छेद 243E): भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243E के प्रावधानों के तहत, प्रत्येक पंचायत का कार्यकाल उसके प्रथम अधिवेशन (पहली बैठक) के लिए नियत तारीख से 05 वर्ष तक का है। इसे राज्य स्तर के किसी सामान्य प्रशासनिक आदेश से घटाया 03 वर्ष नहीं किया जा सकता।
अतः समस्त संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस आदेश की पालना सुनिश्चित करें।
आज्ञा से,
(मुकेश निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव)
राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–
1. निजी सचिव, माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त, राजस्थान।
2. समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलेक्टर), राजस्थान।
3. निदेशक, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर।

राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्यालय आदेश जारी कर यह स्पष्ट किया कि पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल पाँच वर्ष की अवधि में अपरिवर्तित रहेगा।

इस आदेश में कहा गया है कि राज्य के सभी पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के लिये मौजूदा पाँच-वर्षीय कार्यकाल की शर्त बरकरार रखी जाएगी, जिससे चुनावी प्रक्रिया में निरंतरता बनी रहेगी।

यह स्पष्टीकरण स्थानीय निकायों में कार्यकाल में संभावित परिवर्तन को लेकर उठे प्रश्नों के जवाब में दिया गया है, और आयोग ने यह आश्वासन दिया है कि आगामी चुनाव निर्धारित पाँच-वर्षीय चक्र के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे।

— Shivraj Yadav, जयपुर

आलनपुर सांकेल से ताज होटल तक सड़क चौड़ी होगी



सवाईमाधोपुर | नगर विकास न्यास (यूआईटी), सवाई माधोपुर द्वारा आमजन एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए 4.20 करोड़ रुपए की लागत से आलनपुर सर्किल से ताज होटल तक सड़क चौड़ाईकरण का कार्य करवाया जा रहा है। इसके तहत लगभग 11 मीटर चौड़ी सड़क के साथ फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इससे यातायात सुगम होने तथा जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

यूआईटी सचिव मोहित कासनिया ने बताया कि निर्माण कार्य के सुचारू संचालन एवं आमजन की सुरक्षा को देखते हुए आलनपुर लिंक रोड पर यातायात अस्थाई रूप से बंद किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग के रूप में रणथम्भौर रोड से होते हुए सीधे आलनपुर रोड का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने आमजन एवं वाहन चालकों से निर्माण स्थल के आसपास सावधानी बरतने, यातायात नियमों की पालना करने की अपील की है।

— Vipin Singhal

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग्स व यूथ पार्लियामेंट 2027 कार्यक्रम शुरू



जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशन में पॉलिटेक्निक कॉलेज, सवाई माधोपुर में शनिवार को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग्स एवं यूथ पार्लियामेंट 2027 कार्यक्रम अधिकारी मोहित कासनिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासनिया ने उपस्थित युवा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा अपनी ऊर्जा, नवाचार, रचनात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित यंग लीडर्स को विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय से संबंधित अधिकारी, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं

— Vipin Singhal

रियल एस्टेट कानून और अधिकारों की जानकारी के लिए 27 को होगी कार्यशाला



सवाई माधोपुर | राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी

(रेरा) की ओर से आमजन और संबंधित हितधारकों को रियल एस्टेट कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए 27 नवम्बर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से रेरा अधिनियम, उसके नियमों, आमजन के अधिकारों और कर्तव्यों की सरल एवं जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में जिले के सभी नगरीय निकायों (नगर परिषद एवं नगर पालिका) तथा सेवा सेतु अभियान-2026 से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित हितधारकों को आमंत्रित किया गय

उर्वरकों की बिक्री 24 से



उर्वरक बिक्री को पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी, ओवर

रेटिंग की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा पुनः फ्रेमवर्क फर्टिलाइजर पोर्टल से बुकिंग के माध्यम से उर्वरक बिक्री 24 नवंबर 2026 से शुरू की जा रही है। इसे लेकर आत्मा सभागार में उर्वरक विक्रेताओं के प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) भरतपुर खंड, भरतपुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदान विक्रेताओं को एफएफएस संचालन संबंधी

जानकारी दी गई। साथ ही उनके सुझाव लेकर संशयों का निराकरण किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) लखपत लाल मीना ने एफएफएस पोर्टल पर किए गए सुधारों की जानकारी दी। पोर्टल को ई-धरती से जोड़ा गया है। इससे किसान की जमीन का रिकॉर्ड प्रदर्शित होगा। इसी आधार पर उर्वरक बुकिंग की जा सकेगी। अब कृषक को उर्वरक उसकी जमीन के आधार पर मिलेगा। एक हेक्टेयर पर 4 बैग यूरिया और 2 बैग डी.ए.पी. निर्धारित किए गए हैं। एफएफएस पोर्टल से कृषक को उसकी जमीन और फसल के अनुसार उर्वरक मिलेगा। कृषकों से अधिक दर पर कालाबाजारी या टैग

— Vipin Singhal

पल्स पोलियो अभियान आज: जिले के 2.10 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की



खिरनी | क्षेत्र में नौनिहालों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पल्स पोलियो अभियान के तहत खिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सेक्टर में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लगभग 2250 बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सफल संचालन के लिए 22 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर 44 वेक्सीनेटर्स की टीम तैनात रहेगी, जबकि चार सुपरवाइजर पूरे अभियान की निगरानी करेंगे। सुपरवाइजरों की देखरेख में वेक्सीनेटर घर-घर और निर्धारित बूथों पर पहुंचकर पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।

बौली चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में रविवार एवं सोमवार को दो दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत रविवार को निर्धारित पोलियो बूथों पर एवं सोमवार को घर घर जाकर 5 साल तक के बच्चों को कार्मिकों द्वारा पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। खण्ड

— Vipin Singhal

राजकीय विद्यालयों के टीचर - इन-चार्ज का दिया प्रशिक्षण



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को एडीआर सेंटर, सवाई माधोपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान में चयनित 25 राजकीय विद्यालयों के टीचर-इन-चार्ज शामिल

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय संख्या-01 सवाई माधोपुर मीनाक्षी जैन ने बच्चों की पहचान की सुरक्षा, जानकारी को आवश्यकता के अनुसार सीमित रखना, बच्चों की गोपनीयता का सम्मान, पोक्सो अधिनियम 2012 के उद्देश्य एवं अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, बच्चों के विरूद्ध लैंगिक अपराधों की समझ, रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 के उद्देश्य, एलएसयूसी यूनिट की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

— Vipin Singhal